A

समग्र शिक्षा केरल
Samagra Shiksha Kerala

709

समग्र शिक्षा केरल

योगात्मक आकलन I 2025-26

कक्षा 7 | **हिंदी** | समय 2:15 घंटे

सामान्य निर्देश :

- **पंद्रह मिनिट का कूल ऑफ टाइम प्रश्न पत्र वाचन के लिए है।**
- **कुल 6 गतिविधियाँ हैं। सभी के उत्तर लिखना अनिवार्य हैं।**
- **दो गतिविधियों में विकल्प हैं।**

गतिविधि 1

सूचना : खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

मनोहरपुर गाँव में एक रेलवे स्टेशन है। यह ओडिशा की सीमा पर है। इसलिए हर ट्रेन यहाँ रुकती है। गाँव के पास वाली छोटी पहाड़ी से गुज़रती ट्रेन खिलौने की तरह दिखती है।

(सीमा - അതിർത്തി, गुज़रती ट्रेन - കടന്നുപോകുന്ന ട്രെയിൻ)

क) मनोहरपुर रेलवे स्टेशन कहाँ है?

अ) ओडिशा के बाहर　　आ) ओडिशा में
इ) ओडिशा की सीमा पर　　ई) इनमें कोई नहीं

ख) मनोहरपुर में हर ट्रेन रुकती है। क्यों ?

अ) पहाड़ होने के कारण　　आ) शहर होने के कारण
इ) गाँव होने के कारण　　ई) सीमा होने के कारण

ग) छोटी पहाड़ी से गुज़रती ट्रेन कैसे दिखती है?

अ) गुब्बारे की तरह　　आ) पतंग की तरह
इ) खिलौने की तरह　　ई) गेंद की तरह

घ) 'रेलवे स्टेशन को साफ़ रखना है।' इसपर एक **संकेत पट** तैयार करें।

गतिविधि 2

सूचना : 'साफ़-सफ़ाई में अव्वल गाँव' लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> इस गाँव की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहाँ की सारी साफ़-सफ़ाई गाँववाले खुद ही करते हैं। स्वच्छता के लिए यहाँ के लोग किसी तरह से प्रशासन पर निर्भर नहीं हैं।

प्रस्ताव पढ़ें-

गाँव की विशेषताएँ हैं,

अ) गाँव की साफ़-सफ़ाई गाँववाले खुद करते हैं।

आ) गाँव की साफ़-सफ़ाई गाँववाले दूसरों से करवाते हैं।

इ) गाँववाले सफ़ाई के लिए प्रशासन पर निर्भर हैं।

ई) गाँववाले सफ़ाई के लिए प्रशासन पर निर्भर नहीं हैं।

क) सही विकल्प चुनकर लिखें।

i) **अ** और **आ** ii) **आ** और **ई**

iii) **अ** और **ई** iv) **अ** और **इ**

ख) '**स्वच्छता अपनाओ, बीमारी से दूर रहो**'- संदेश देते हुए **पोस्टर** तैयार करें।

गतिविधि 3

सूचना : खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> केदारनाथ अग्रवाल का जन्म 01 अप्रैल 1911 को उत्तरप्रदेश में हुआ। पहला पानी, बसंती हवा आदि उनकी प्रमुख रचनाएँ हैं। वे साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित हैं। उनकी मृत्यु 22 जून 2000 को हुई।

क) खंड के आधार पर **प्रोफ़ाइल** तैयार करें।

नाम	:
जन्म तिथि	:
जन्म स्थान	:
प्रमुख रचनाएँ	:
मृत्यु	:

ख) केदारनाथ अग्रवाल किस पुरस्कार से सम्मानित हैं?

गतिविधि 4

सूचना : 'ख़ुद से प्यार' कविता का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

बादल अपने जल से
इतना प्यार करे कि
वह दे सके जल
दुनिया को भी!
मैं खुद से
इतना प्यार करूँ कि
दे सकूँ प्यार
दुनिया को भी!

क) **'पानी'** के लिए कविता में प्रयुक्त शब्द कौन-सा है?

ख) कवितांश का **आशय** लिखें।

अथवा

सूचना : 'यह धरती है उस किसान की' कविता का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

यह धरती है उस किसान की
जो बैलों के कंधों पर
बरसात घाम में,
जुआ भाग्य का रख देता है।

क) 'भूमि' के लिए कविता में प्रयुक्त शब्द कौन-सा है?

ख) कवितांश का **आशय** लिखें।

गतिविधि 5

सूचना : पोस्टर पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

नाटक प्रस्तुति

गाँधीजी की नमक कथा

जी.यु.पी.एस कोल्लम के सभागृह में

सातवीं कक्षा के छात्रों द्वारा

अगस्त 15

समय : 2 बजे

सबका स्वागत

क) नाटक किस कथा पर आधारित है?

ख) पोस्टर के आधार पर नाटक प्रस्तुति की **रपट** तैयार करें।

अथवा

सूचना : गाँधीजी ने खुद नमक बनाकर अंग्रेज़ों का कानून तोड़ा। इससे संबंधित घटनाएँ पढ़ें।

- अंग्रेज़ों का नमक पर टैक्स लगाना
- टैक्स लगाने से नमक का महँगा होना
- अंग्रेज़ों द्वारा लोगों को नमक बनाने से रोकना
- साथियों के साथ गाँधीजी का नमक बनाना
- अंग्रेज़ों का काला कानून तोड़ना

क) नमक का महँगा होने का कारण क्या है?

ख) गाँधीजी ने नमक बनाकर अंग्रेज़ों का काला कानून तोड़ा। इस घटना की **रपट** तैयार करें।

गतिविधि 6

सूचना : कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

वह देखो माँ आज
खिलौनेवाला फिर से आया है।
कई तरह के सुंदर-सुंदर
नए खिलौने लाया है।
हरा-हरा तोता पिंजड़े में,
गेंद एक पैसे वाली,
छोटी-सी मोटर गाड़ी है
सर-सर-सर चलने वाली।

खिलौनेवाला--കളിപ്പാട്ടക്കച്ചവടക്കാരൻ, पिंजड़े में - കൂട്ടിൽ

क) कौन खिलौना लाया है?

ख) सही मिलान करें।

सुंदर-सुंदर	मोटर गाड़ी
हरा-हरा	गेंद
एक पैसे वाली	नए खिलौने
छोटी-सी	तोता